चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय , कानपुर के प्रबंध मण्डल की 111वीं बैठक ,दिनांक 12 जून, 2000 की कार्यवाही ।

स्थान : किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ ।

समय : पूर्वाह्न 11.00 बजे

विचारार्थ मद : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय , कानपुर के कुलपति के पदपर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों को संस्तुत करने के लिये गठित की जाने वाली समिति में प्रबंध मण्डल का प्रतिनिधि नामित करने के प्रस्ताव पर विचार ।

उपस्थिति :

1. श्री बाल चन्द्र मिश्र	अध्यक्ष
2. श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव	सदस्य
3. श्रीमती मुन्नी राजपूत	सदस्य
4. श्री अमर सिंह	सदस्य
5. डा0 एच0जी0 सिंह	सदस्य
6. श्री चनर राम, विशेष सचिव	कृषि सचिव के प्रतिनिधि
7. श्री जगदेव प्रसाद	सचिव

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम 1958 के परिनियम के अध्याय XIX 28 (सी)(3) के प्राविधानों के अनुसार इस बैठक मे वर्तमान कुलपति को उपस्थित नहीं होना था । अतः उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में श्री बालचन्द्र मिश्र विधायक / सदस्य को चुना ।

अधिनियम की धारा –11 (1) में निहित प्राविधानों के अंतर्गत कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु गठित की जाने वाली समिति में प्रबंध मण्डल के प्रतिनिधि के रूप में कृषि सचिव का नाम डा0 एच0जी0सिंह ने प्रस्तावित किया तथा श्री अमर सिंह ने इसका समर्थन किया ।

श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रबंध मण्डल के प्रतिनिधि के रूप में श्री बालचन्द्र मिश्र का नाम प्रस्तावित किया , इसका समर्थन श्रीमती मुन्नी राजपूत ने किया ।

डा0 एच0जी0सिंह ने आपसी विचार विमर्श के उपरांत अपना प्रस्ताव वापस ले लिया ।

इस प्रकार सर्वसम्मति से प्रबंध मण्डल ने श्री बालचन्द्र मिश्र विधायक /सदस्य को कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों को संस्तुत करने के लिये गठित की जाने वाली समिति में प्रबंध मण्डल के प्रतिनिधि के रूप में नामित करने के लिये अनुमोदन प्रदान किया ।

बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हो गई ।

(जगदेव प्रसाद) 12/6/2000
अर्थ नियंत्रक एवं सचिव प्रबंध मण्डल

अनुमोदित

बालचन्द्र मिश्र 12.6.2000
अध्यक्ष,
प्रबंध मण्डल ।